हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार, 14 अक्टूबर, 2025

13 दिवाली फेस्ट में छात्राओं ने लगाई फास्ट फूड स्टॉल



14 बूथ लेवल पर मोर्चाबंदी के लिए तैयार हो रहे कांग्रेसी



**खबर संक्षेप**

### डीसी ने किया खेल स्टेडियम का निरीक्षण



**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने सोमवार को सिलाना में निर्माणाधीन जिलास्तरीय खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय खेल स्टेडियम में सभी सुविधाएं खिलाड़ियों को मिले इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि खेल स्टेडियम में काफी जमीन है। इसलिए हॉकी और क्रिकेट ग्राउंड भी तैयार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसका निर्माण कार्य जल्द पूरा करें, गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

### अघोषित जमा राशि का दावा 31 दिसंबर तक करें

**झज्जर।** एलडीएम विजय सिंह ने कहा कि बैंकों में ऐसी जमा शेष राशि जिसका दस साल या उससे ज्यादा समय से संचालन नहीं हुआ है, उसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। सरकार द्वारा ऐसे ग्राहकों के लिए उनकी अघोषित जमा राशि का दावा करने की सुविधा प्रदान की है ताकि अधिकतम धनराशि उनके वास्तविक दावेदारों को वापस मिल सके। इसके लिए बाकायदा सरकार द्वारा आगामी 31 दिसंबर 2025 तक एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है।

### बिजली अदालत में आज सुनेंगे समस्याएं

**झज्जर।** उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा अधीक्षण अभियंता कार्यालय में मंगलवार को बिजली अदालत व उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि सुबह 11 बजे से एक बजे तक बिजली अदालत व 11 बजे से 2 बजे तक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन होगा। यह अदालत फोरम के चेयरमैन एवं बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता ऑप्रेशन सर्कल झज्जर की अध्यक्षता में होगी। इस दौरान बिजली बिल, कनेक्शन और अन्य समस्याएं सुनी जाएंगी।

### श्रीश्याम वंदना महोत्सव 25 अक्टूबर को

**बहादुरगढ़।** जौहरी नगर स्थित राधे फार्म हाउस में श्री श्याम गुणगान मंडल की ओर से शनिवार 25 अक्टूबर को 9वां श्री श्याम वंदना महोत्सव का आयोजन किसा जा रहा है। यह जानकारी मंडल संरक्षक सुनील कुमार व प्रधान अश्वनी वशिष्ठ ने दी। बाबा कालीदास महाराज, महामंडेलश्वर स्वामी गणेशानंद गिरी व महंत गणेश महाराज के सानिध्य में यह महोत्सव मनाया जाएगा। दिल्ली से मांगेराम अत्री, वृंदावन से संस्कृति राजपूत, कलकत्ता से पंकज सोनी, महेंद्रगढ़ से वेदप्रकाश, बहादुरगढ़ से सौरभ कौशिक, पंकज शर्मा, निरंजन शर्मा, सुनील रंगा, व रोहद से दीपांशु बखान करेंगे।

## त्योहारी सीजन में मिलावट की आशंका पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिया एक्शन

**जांच**

करीब दो सप्ताह में रिपोर्ट आने की संभावना, सैंपल फेल पाए जाने पर होगी कार्रवाई

# दूध और मिठाइयों की दुकानों पर छापे मारकर छह सैंपल भरे

**लोगों की मांग** सैंपल लेने के बाद एक-दो दिन में ही आनी चाहिए रिपोर्ट, मिलावटी माल की जल्द से जल्द पहचान कर किया जाए नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- जाखोदा स्थित एक दूध प्लांट पर टीम ने छापा मारा

त्योहारी सीजन में मिठाइयों में मिलावट की आशंका के चलते जिला खाद्य सुरक्षा विभाग ने ताबड़तोड़ छापेमारी की। बहादुरगढ़ क्षेत्र में कुल छह जगह से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए। इन्हें जांच के लिए लैब में भेजा गया है। करीब दो सप्ताह के अंदर इनकी रिपोर्ट आने की संभावना है। सैंपल फेल पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कुछ जगह गड़बड़ी की आशंका पर उन्हें चेतावनी दी है। रविवार देर शाम को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बहादुरगढ़ इलाके में दस्तक दी। टीम ने पहले जाखोदा स्थित एक दूध प्लांट पर छापा मारा। जांच के दौरान करीब ढाई हजार लीटर दूध पाया गया। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी इंस्पेक्टर डॉ. राजेश वर्मा व उनकी टीम ने दूध का सैंपल लिया। इसके बाद टीम ने बहादुरगढ़ शहर में रोहतक रोड, पटेल नगर, नाहरा नाहरी रोड सहित अन्य जगहों पर मिठाई की पांच दुकानों पर दबिश दी। इस दौरान दुकानों से बर्फी, रसगुल्ला, पनीर, मिल्क केक व खोया आदि के पांच सैंपल लिए। टीम में मंदीप भी शामिल रहे।

जिला अधिकारी डॉ. राजेश वर्मा ने कहा कि सरकार के आदेश पर दूध व दूध से बनी मिठाइयों के सैंपल लिए जा रहे हैं। विक्रेताओं को गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री बेचने की हिदायत दी जा रही है ताकि जनता की सेहत से खिलवाड़ न हो। आगे भी लगातार सैंपलिंग जारी रहेगी। यदि सैंपलिंग में खामियां मिलती है तो नियमानुसार कार्रवाई होगी। आम नागरिक भी जागरूक रहें। यदि कहीं कुछ गलत नजर आए तो शिकायत जरूर दें।

### स्टाफ की कमी आ रही आड़े

अहम बात यह कि प्रदेशभर में खाद्य सुरक्षा निरीक्षकों की कमी है, जो गिने-चुने अधिकारी हैं, उन पर अतिरिक्त कार्यभार रहता है। लैब भी पर्याप्त नहीं हैं, जिस कारण सैंपलों की जांच कार्य और रिपोर्ट आने में लम्बा समय लग जाता है। आमतौर पर 14 दिन में रिपोर्ट आने का दावा किया जाता है, लेकिन त्योहारी सीजन में तो काम के दबाव के चलते यह और देरी से आती है।



बहादुरगढ़। एक दुकान पर सैंपल लेते डॉ. राजेश वर्मा।

### 103 में से 25 सैंपल फेल मिले

मिठाइयों व खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए विभाग की ओर से समय-समय पर छापेमारी की जाती है। झज्जर जिले में अक्टूबर 2024 से अब तक कुल 103 सैंपल लिए गए। इनमें से 25 सैंपल फेल आए। इन फेल सैंपलों के केस एडीसी व सीजेएम कोर्ट में विभाग की ओर से डाले गए हैं।

### रिपोर्ट आने तक खप जाता है माल

लोगों का कहना है कि विभाग की ओर से दीपावली के आसपास सैंपलिंग की जाती है। सैंपल पास हुए या फेल, इसका पता रिपोर्ट आने के बाद चल पाएगा। रिपोर्ट आएगी दीपावली के बाद, तब तक सारा माल बाजार में खप जाएगा। सरकार और विभाग को पर्याप्त संख्या में अधिकारियों व कर्मचारियों की भर्ती करनी चाहिए। साथ ही ऐसा सिस्टम बनाना चाहिए कि कुछ ही समय या मौके पर ही रिपोर्ट आ जाए। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि सैंपल लेने के बाद मिठाई या दुकान को सील नहीं कर सकते। उन्हें चेतावनी जारी की जाती है।

### जांच अभियान जारी रहेगा : डॉ. वर्मा

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. राजेश वर्मा का कहना है कि विभाग की ओर से लगातार सैंपलिंग की जा रही है। सैंपल जांच के लिए लैब में भेजे जा रहे हैं। जैसे ही रिपोर्ट आती है तो उस आधार पर आगामी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि रविवार शाम को बहादुरगढ़ से छह सैंपल लिए हैं, जो जांच के लिए लैब भेज दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह दुकानदारों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह लोगों की सेहत का ख्याल रखें। पैसा कमाने के चक्कर में गुणवत्ता से समझौता न करें। त्योहार खुशियां लेकर आते हैं, इसलिए कोई भी ऐसा काम ना करें जिससे किसी दूसरे की खुशियों पर ग्रहण लगे। आगे भी जांच अभियान जारी रहेगा।

### मोटर साइकिल की टक्कर से प्रवासी श्रमिक की मौत

- मजदूरी मिलने पर घर का सामान लेने जा रहा था

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर के नजदीक मोटरसाइकिल की टक्कर से ईंट भट्ठा पर कार्य करने वाले एक प्रवासी श्रमिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के बोध गया जिले के औरा गांव निवासी प्रमोद मांझी के तौर पर हुई है। सोमवार को पुलिस द्वारा स्थानीय नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में मृतक की पत्नी रेखा ने बताया कि वह अपने परिवार सहित जहांगीरपुर क्षेत्र के भट्ठे पर ईंट पथाई का काम करती है। रविवार को जब उन्हें भट्ठा मालिक द्वारा खर्च के पैसे दिए तो शाम करीब छह बजे उसका पति प्रमोद मांझी घर का सामान लेने के लिए शहर के लिए रवाना हुआ था। जब वह जहांगीरपुर बस स्टैंड पर खड़ा था तो उसी दौरान उसके पति को एक मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। एक्सीडेंट की सूचना के बाद वह अन्य श्रमिकों की सहयता से अपने पति को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने उसके पति को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मोटरसाइकिल सवार घटनास्थल पर मोटरसाइकिल छोड़कर मौके से भाग गया। पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**नशे की बड़ी खेप के साथ दो काबू**

## झारखंड से अफीम लाया तस्कर नाबालिग लड़की सहित गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रोहतक टीम ने बहादुरगढ़ इलाके में अफीम की खेप के साथ एक युवक और नाबालिग लड़की को गिरफ्तार किया है। सूचना थी कि झारखंड से अफीम की खेप लेकर एक युवक और एक लड़की केएमपी आसौदा के पास स्थित भगत जी स्वीट्स पर मौजूद हैं। इस पर एएसआई देवेंद्र दलाल के नेतृत्व में वहां दबिश दी। आरोपी की पहचान झारखंड के चतरा निवासी दीपू के रूप में हुई, जबकि नाबालिग लड़की भी वहीं की है। नियमानुसार तलाशी ली तो उनके बैग से दो किलो 737 ग्राम अफीम बरामद हुई।

### रिमांड पर लिया

दीपू सिंह झारखंड के चतरा जिले से अफीम लाकर पंजाब तथा हरियाणा के जींद व करनाल सहित अन्य हिस्सों में सप्लाई करता है। यह युवक नशा तस्करी के नेटवर्क का सक्रिय सदस्य है। गिरफ्तार की गई नाबालिग लड़की को अदालत के आदेशानुसार, बाल सुधार गृह भेजा गया है, जबकि मुख्य आरोपी दीपू सिंह को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एएसआई देवेंद्र दलाल ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल हैं, वह कब से इस धंधे में सक्रिय है तथा अफीम कहां-कहां जाती है।

## आईपीएस वाई पूरन कुमार के समर्थन में उतरे संगठन

### एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर हाईकोर्ट के सिटिंग जज से जांच करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आईपीएस वाई पूरन कुमार द्वारा जातिवादी भेदभाव का आरोप लगाकर आत्महत्या करने के मामले में सोमवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों ने प्रदर्शन किया और एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति व राज्यपाल को ज्ञापन भेजा।

भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज, गुरु रविदास सभा, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सभा व डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन आदि संस्थाओं से जुड़े सैकड़ों लोगों ने आईपीएस वाई पूरन कुमार द्वारा आत्महत्या करने पर दुख प्रकट किया और शीघ्र न्याय की मांग की। मास्टर सुखबीर सरोहा, एडवोकेट विपिन प्रधान, रामनिवास सैनी, रतनलाल गौतम, उमेद सिंह, डॉ. विनोद कुमार, दिलबाग सिंह, एडवोकेट ललित सैनी, राजेंद्र तूषामड़, एडवोकेट सौरभ शर्मा, एडवोकेट अरुण आसीवाल, एडवोकेट कृष्ण तंवर, नरेंद्र सोहता, रामभगत चहल, कृष्ण प्रधान, प्रदीप तंवर, केवलराम, रण सिंह तूर, रवि महरोलिया, वीरू सारसर, सागर, राजेश, मोहन चोपड़ा, राजेश प्रधान, प्रताप रंगा, राजपाल, राजेश पार्षद, सतपाल कटारिया, जगदीश गोठवाल, बलवान सहरावत, कृष्णा चौहान आदि ने कहा कि यह आत्महत्या सरकार की पूर्ण विफलता को उजागर करती है।



बहादुरगढ़। एसडीएम नसीब कुमार को ज्ञापन सौंपते विभिन्न संगठनों के सदस्य।

### जज से करवाएं जांच

सरोहा ने कहा कि आईपीएस के सुसाइड नोट में साफ लिखा है कि उन्हें दलित होने के कारण भेदभाव झेलना पड़ा। यह घटना यह दर्शाती है कि वर्तमान सरकार में दलित समुदाय के प्रति अन्याय और उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी हैं। जब प्रदेश की सुरक्षा संभालने वाले अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम नागरिकों की सुरक्षा का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। इस आत्महत्या प्रकरण की जांच पुलिस या सीबीआई से ना कराकर हाईकोर्ट के सिटिंग जज से कराई जानी चाहिए। उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सख्त सजा दी जाए।

### बसपा ने किया प्रदर्शन



**झज्जर।** आईपीएस वाई पूरन कुमार आत्महत्या मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर बसपा कार्यकर्ताओं ने लघुसचिवालय परिसर में प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। बसपा के पूर्व प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती के आदेशानुसार जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया है। हमारी सरकार से मांग है आईपीएस वाई पूरन कुमार के परिवार के साथ सरकार न्याय करें और सुसाइड नोट में जिन दोषी अधिकारियों के नाम हैं उन्हें तुरंत पद से हटाकर गिरफ्तार करें।

## त्योहारी सीजन के चलते शहर के अंदर से नहीं जाएंगी बसें

- जाम से बचने के लिए पुलिस ने उठाया कदम, बैठक में लिए गए अहम फैसले
- गुड़गांव, बादली और बहादुरगढ़ जाने वाली बसें विजय हॉस्पिटल के पास से सवारियों को पिकअप कर सकती हैं

**झज्जर।** त्योहारी सीजन में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस आए दिन नए कदम उठा रही है। अब जाम से निपटने को शहर के अंदर से होकर गुजरने वाली बसों के आवागमन पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। यह निर्णय बुधवार सुबह से प्रभावी ढंग से लागू हो जाएगा।

इस संबंध में एसीपी अखिल कुमार और एसीपी सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें एडीटीओ प्रमोद नांदल, आरटीओ राजेश मलिक, शहर थाना प्रबंधक निरीक्षक सुनीता, ट्रैफिक प्रभारी उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। एसीपी अखिल कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह से ही सभी बसें शहर के बाहर होते हुए निकलेंगी। किसी भी बस को शहर के अंदर से नहीं गुजरने दिया जाएगा। गुड़गांव, बादली और बहादुरगढ़ जाने वाली बसें विजय हॉस्पिटल के पास से सवारियों को पिकअप कर सकती हैं। सभी बस चालक बाईपास का प्रयोग करें और आमजन भी निर्धारित की गई पार्किंग में ही अपने वाहनों को खड़ा करें।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए एसीपी अखिल कुमार।

### पात्र परिवारों को आज करेंगे प्लॉट आवंटित

**झज्जर।** मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिला झज्जर के चयनित छह गांवों में पात्र परिवारों को प्लॉट आवंटित किए जाएंगे। इस संबंध में ड्रॉ का आयोजन मंगलवार को दोपहर 12 बजे नेहरू कॉलेज में किया जाएगा। ड्रॉ की अध्यक्षता डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल द्वारा की जाएगी तथा यह प्रक्रिया एचएसवीपी के प्लेटफॉर्म से होगी। ड्रॉ में शामिल किए गांवों में खेड़का गुज्जर, खरमान, दहकौरा व दुल्हेड़ा, सिलाना तथा पाटौदा शामिल हैं।





झज्जर। दमकल विभाग परिसर में खड़ी गाड़ियां।

**दीपावली पर दमकल विभाग अलर्ट**

## आग से निपटने के लिए 24 घंटे ड्यूटी पर रहेंगे दमकल कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- फायर सेफ्टी ऑफिसर ने कहा- सभी गाड़ियां दुरुस्त हालत में, संकीर्ण बाजारों के लिए बाइक और छोटी गाड़ियां भी तैयार

दीपावली पर्व पर किसी तरह की अप्रिय घटना घटित न हो, इसके लिए दमकल विभाग अलर्ट मोड में है। विभाग की सभी बड़ी चार गाड़ियां दुरुस्त होने का दावा किया गया है। वहीं संकीर्ण बाजारों में जाने के लिए मोटरसाइकिल और छोटी गाड़ियां भी तैयार हैं। विभागीय स्तर पर सभी कर्मचारियों को 24 घंटे ड्यूटी के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

फायर सेफ्टी ऑफिसर प्रमोद ने बताया कि दीपावली पर्व पर आग लगने की घटनाएं बढ़ने की आशंका रहती है। ऐसे में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विभाग की सभी दमकल गाड़ियां दुरुस्त हालत में हैं। सभी वाहनों की मेंटेनेंस कर ली गई है और अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि शहर के मेन बाजार में जहां दमकल की बड़ी गाड़ियों का पहुंचना मुश्किल होता है, इसको ध्यान में रखते हुए विभाग ने छोटी दमकल गाड़ियां और दमकल बाइक भी तैनात की हैं। कार्यालय में तैनात सभी तीस कर्मचारियों को 24 घंटे ड्यूटी के लिए तैयार रहने के आदेश दिए हैं। आपात स्थिति में दमकल के हेल्पलाइन नंबर 101 पर संपर्क करें।

**कला प्रदर्शनी** 4 अक्टूबर को शुरू हुई नाबार्ड नेशनल आर्ट एंड कल्चर उत्सव एवं प्रदर्शनी का समापन

नाबार्ड अधिकारियों ने बोंदवाल परिवार के साथ मिलकर किया शिल्पियों का सम्मान

# कला में माहिर शिल्पकार, बुनकर और किसान समूह सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-6 में स्थित कम्युनिटी सेंटर में 4 अक्टूबर को शुरू हुई नाबार्ड नेशनल आर्ट एंड कल्चर उत्सव एवं प्रदर्शनी सोमवार 13 अक्टूबर को संपन्न हो गई। एजीएम नाबार्ड रोहतक मोहित यादव और चंडीगढ़ से रीजनल ऑफिसर संदीप चहल ने प्राचीन कारीगर एसोसिएशन द्वारा रूरल अर्बन डेवलपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में भागीदार शिल्पकार, बुनकर व किसान समूह को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। नाबार्ड नेशनल आर्ट एंड क्राफ्ट उत्सव एवं एग्जीबिशन के समापन समारोह में एजीएम मोहित यादव ने बताया कि नाबार्ड का मुख्य उद्देश्य कृषि और ग्रामीण विकास करना है। सेल्फ हेल्प ग्रुप, जेएलजी व कृषि क्षेत्र से जुड़े पीएफओ को समूह में आगे बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता देने के साथ उनके उत्पाद के लिए बाजार निर्धारित किया जाता है ताकि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं व जरूरतमंद लोगों की मदद हो सके। समापन समारोह में डॉ. राजेंद्र जांगड़ा, पूर्व पार्षद शशि कुमार, नीरज बोंदवाल, सूर्यकांत बोंदवाल, नेशनल अवॉर्डी चंद्रकांत बोंदवाल ने शिल्पकारों को जमकर सराहा।



बहादुरगढ़। शिल्पकार ममता त्रिपाठी को सम्मानित करते नाबार्ड अधिकारी।


### अर्चना-ममता को मिला सम्मान

शिल्प गुरु परंपरा के तहत गुरु अर्चना पंवार व उनकी शिष्य ममता त्रिपाठी को वर्ष 2025 का सम्मान दिया गया। अर्चना बीते 25 सालों से पेंटिंग, टेराकोटा व हाथ से जुड़ी कलाएं बच्चों को सिखा रही हैं। अबकी बार उनकी शिष्य ममता त्रिपाठी, कोमल गुप्ता, उषा रानी व ज्योति शर्मा को स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

### इन्हें किया सम्मानित

पश्चिम बंगाल से जूट में गोविंदपाल, बेडशीट में नाजिर व बिजेंद्र, ज्वेलरी में तंद्रा, पर्ल में मानिक, राजस्थान से जूती में साजिद, ज्वेलरी में महेंद्र, लाख में जुबैर, पॉटरी में हंसराज, लघु चित्रकारी में हनुमान, बीडस में निपुण, आयरन वर्क में रइसुद्दीन, ब्लॉक प्रिंट में राजकुमार पांडेय, हरियाणा से ड्राई फ्लॉवर में पवन, टेराकोटा में देवीराम, ड्रेस में किरण, ज्वेलरी में शर्मिता, आयुर्वेद में बीके लवकेश, साड़ी में सुदेश, टेराकोटा ज्वेलरी में ममता त्रिपाठी, जूती में अशोक कुमार, क्ले आर्ट में अर्चना, पेंटिंग में देव, आंचल, नूब्बी, गोधन में देवेंद्र व रेलवे से विजय, महाराष्ट्र से बाटिक प्रिंट में अनिल पांडेय, चंडीगढ़ से धूप में तरुण, मध्यप्रदेश से जैकेट में गुलशन को सम्मानित किया गया।

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक, मंगलवार
14 अक्टूबर 2025





दीपावली का पर्व हम सभी के घर में खुशहाली का उजास लेकर आता है। लेकिन इस पर्व की तैयारी में घर की महिलाएं प्रायः इतना उलझ जाती हैं कि अपनी खुशी, सुख और उत्साह को बिसार देती हैं। ऐसा ना करें, घर-परिवार के साथ खुद भी इस त्योहारी खुशी, उल्लास के हर पल में शामिल हों। यकीन मानिए, इससे आपकी दीपावली और जगमगा उठेगी।

## स्त्रियां भी जीएं सुख का उजास

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

उजास की चमक में स्वयं अपने भीतर झांकने का त्योहार है दीपावली। संबंधों में अनुभूतियों की रौनक भरने वाला जश्न है यह पर्व। यह उत्सव प्रेम-स्नेह के भाव को दरकने से बचाने वाली झिलमिलाहट भी साथ लेकर आता है, मन की कहने-सुनने से हर चेहरे पर एक दमक भी उतर आती है। कुल मिलाकर यह उत्सवीय आभा अपने भीतर भी एक जगमगाहट भरने का संदेश देती है। आंगन संवारती, दीवारें पोंछती, व्यंजनों की खुशबू फैलाती और अपनों की सज-धज का ध्यान रखती स्त्रियां, त्योहारी आपा-धापी में खुद को ही भूल जाती हैं। तो सुनो सहेली, दमकती-चमकती आंगन की रंगोली और रसोईघर से आती पकवानों की महक के बीच अपने मन की कांति को सहेजना ना भूलो।



### सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक

हर उत्सव पर मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में स्त्रियां अपने परिवार के आंगन में उजास भरती हैं। यह त्योहारी रौनक घर से लेकर गली तक हर ओर फैली होती है। साफ-सफाई और सजावट से झिलमिलाते घरों की कड़ियों को जोड़ने वाली स्त्रियां ही होती हैं। ऐसे में खुद की अनदेखी ना चाहते हुए भी हो जाती है। 'यह कर लूं', 'वह निपटा लूं' और 'घर के कोने-कोने को सजा लूं' के फेर में अपनी सज-धज तो रह ही जाती है। कभी-कभी तो इस भाग-दौड़ में मन नीरसता के धुंधलेपन से घिर जाता है। लेकिन सामानों की धूल झाड़ने में स्वयं की आभा फीकी ना होने दें।

अब जबकि दीपावली आने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं तो अपनी खुद की की साज-सज्जा की तैयारियां करने पर भी ध्यान दें। दीपपर्व की उजास में आपकी सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक भी बिखरनी ही चाहिए।

### बना रहे उपस्थिति का आलोक

इस दीपावली यह सुनिश्चित करें कि आपकी उपस्थिति का आलोक भी हर ओर फैले। जब सब मेल-जोल में व्यस्त हैं। आपके अपने सब कुछ भूलकर त्योहार की खुशियों को जी रहे हैं तो आप क्यों काम में उलझी हैं? आसमान तक फैली झिलमिलाहट के बीच आप घर के भीतर क्या सहेजने में लगी हैं? आज भी बहुत सी स्त्रियों के लिए यह त्योहार तैयारियों की कभी ना खत्म होने वाली श्रृंखला भर बनकर रह जाता है। ऐसे में झिलमिल दीपों से सजे चौखट-चौबारों के बीच आपका मन व्यस्तता के जाल में न उलझे। ध्यान रहे, दीपावली के त्योहार पर मां लक्ष्मी और माता सरस्वती के पूजन का विधान है। अपने संवेदनशील हृदय में भरी ज्ञान रूपी समझ से सुखद मेलजोल जीएं। गृहलक्ष्मी के रूप में आलोकित अपने व्यक्तित्व को जिम्मेदारियां निभाने तक न समेटें। परिवार, घर-द्वार को संभालने के साथ-साथ दीपावली के दीयों की टिमटिमाती मुस्कान के बीच आपकी उपस्थिति की चमक भी जरूरी है।



### साझेपन की दमक जरूरी

आप होम मेकर हों या वर्किंग वुमेन, त्योहार की तैयारी में सबका साथ लीजिए। परिवार को उत्सव मनाने में ही नहीं उत्सवीय तैयारियों में भी साथ रखिए। त्योहार के दिन आस-पड़ोस या मित्रों-सगे-संबंधियों के यहां सबके साथ आप भी मिलने जाइए। याद रहे, आपसी मेल-जोल और रिश्तों की रौनक से जुड़ा दीपावली का पर्व खुद को पीछे रखने के बजाय सहज रूप मन की ऊर्जा जुटा लेने का उत्सव है। इसके लिए स्त्रियां अपनों की सहायता लेने में संकोच ना करें। अपने जीवन में साझेपन की चमक भरने का प्रयास करें, ताकि यह जज्बाती दमक जिम्मेदारियों के मोर्चे पर भी दिखे। इतना भर करने से सबकी इच्छाओं और खुशियों का ध्यान रखते हुए आप अपने लिए भी समय निकाल सकेंगी। घर के आंगन में ही नहीं, अंतर्मन में भी इस त्योहार की जगमग को महसूस करेंगी। a

### अपनों की अहम भूमिका

**गृहलक्ष्मी की** भाग-दौड़ को समझने का प्रयास अपनों को भी करना चाहिए। झिलमिलाते घर-आंगन में हंसते-मुस्कुराते हुए सब कुछ संभालने वाली परिवार की महिलाओं को बच्चे, बुजुर्ग और जीवनसाथी सभी सहयोग करें। उनको मन से सम्मान दें। याद दिलाएं कि पहनने के लिए उनकी पसंद के पारंपरिक परिधानों की तैयारी भी उन्हें ही करनी है। मिठाइयों की सूची थोड़ी छोटी रही तो भी चलेगा। 'बहू तुम भी सबके साथ बैठो' भर कहकर बुजुर्ग कई दिनों की भाग-दौड़ से फीके पड़े चेहरे की चमक लौटा सकते हैं। 'मम्मा हमारे साथ-साथ आप भी अच्छे से तैयार हो जाओ ना!' जैसे शब्द दीपावली की तैयारियों में जुटी मां को मुस्कुराहट की चमक दे सकता है। 'गृहलक्ष्मी की सज-धज बिना कैसा त्योहार' कहने वाले जीवनसाथी की अनुभूतियों से मिली आभा मन को नई दमक दे जाती है। अपनों का यह साथ-स्नेह घर की महिलाओं के लिए इस पर्व की रौनक और बढ़ा देगा। असल में बड़ों-छोटों की यह ज्योतिर्मय सोच स्त्रियों को कई उलझनों से बचा लेती है। दीपावली का त्योहार एक-दूजे के साथ खुशियां बांटने की परंपरा है। उत्सव के वास्तविक मायने तो तभी हैं, जब घर का हर सदस्य इस रीत की रौनक को जीए।




सुख-शांति-समृद्धि के लिए दीपावली से पहले

## घर से निकालें नकारात्मक ऊर्जा

हर कोई चाहता है कि उसके घर में सुख, शांति बनी रहे और समृद्धि आए। इसके लिए दीपावली एक अच्छा अवसर है। आप वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ बातों को ध्यान रखकर अपने घर में सुख, शांति के साथ समृद्धि ला सकती हैं।

वास्तु
निकिता चौहान



जब दीपावली जैसा बड़ा पर्व आता है, परिवार में उत्सवी माहौल हो जाता है, मन उमंग-तरंग से भर उठता है। लेकिन दीपावली की खुशियों में कोई बाधा ना आए, त्योहार खुशी के साथ मनाया जा सके, इसके लिए जरूरी है कि आप वास्तु शास्त्र के अनुसार घर से नकारात्मक ऊर्जा को निकालें। भारतीय वैदिक वास्तु हमारे पारंपरिक ज्ञान से जुड़ा है, जो हमें अपने घर और कार्यस्थल पर पांच मूल प्राकृतिक तत्वों के सामंजस्य से एक सुगमता स्थापित करने में सहायता करता है। वैदिक वास्तु इन पंच तत्वों को उनकी दिशा के अनुसार घर में संयोजित करने की सलाह देता है। दीपावली में हमें वैदिक वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ विशेष उपाय अपनाने चाहिए, जिससे घर की नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाएगी और हमारा स्वास्थ्य सही रहेगा, घर में सुख- शांति रहेगी, समृद्धि भी आएगी। ये विशेष उपाय कौन से हैं, जानें-

**घर के केंद्र को साफ रखें:** दीपावली में सर्वप्रथम अपने घर के केंद्र, जिसे ब्रह्मस्थान कहा जाता है, को साफ-सुथरा बनाएं। वहां बहुत ज्यादा सामान ना हो। इससे घर में ऊर्जा का प्रवाह सही और सुचारु ढंग से होगा।



**मिट्टी का दीपक जलाएं:** मिट्टी के दीये में गाय के घी से दीपक प्रज्वलित करें। गाय के घी को शुभ और पवित्र ऊर्जा का कारक माना जाता है। इसके अलावा तिल के तेल से दिया प्रज्वलित करने से ग्रहों के दुष्प्रभाव को समाप्त किया जा सकता है। घी, तिल, अरंडी, महुआ और नीम के तेल को मिलाकर प्रज्वलित दीपक पंचदीपम कहलाता है। इससे घर में समृद्धि, परिवार में स्नेह बना रहता है, रोग का नाश होता है। नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव की समाप्ति होती है, साथ ही वंश वृद्धि होती है।

**चमकीले रंग का उपयोग करें:** दीपावली में हमेशा चमकीले रंग का उपयोग करना चाहिए। दीपावली से पहले या बाद में पेंटिंग और साज-सज्जा करें। इसके अलावा दीपावली में आपको अपने घर या कार्यालय के प्रवेश द्वार के पास खास साफ-सफाई करना चाहिए।

**पोंछे में समुद्री नमक डालें:** घर में पोंछा लगाते समय पानी में थोड़ा समुद्री नमक मिला दें फिर पोंछा लगाएं, इससे नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होने में मदद मिलेगी।

**नया दर्पण लगाएं:** घर में नया दर्पण लगाएं ताकि लाइट ज्यादा चमके और सकारात्मक वातावरण बने। दीपावली के अवसर पर अपने घर के द्वार पर पौधों वाला गमला रखें। पौधा एक तरह से जीवन का प्रतीक होता है, इसलिए आपके घर में सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक रहता है।

**मंत्र जाप करें:** दीपावली के दिन खासकर घर में धार्मिक मंत्रों का उच्चारण करने वाले ऑडियो को मधुर आवाज में लगाएं। इससे अपने घर में भरपूर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगी। परिवार में सब स्वस्थ रहेंगे। प्रेम-स्नेह भी बना रहेगा। a

**(वास्तु-ज्योतिष विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंह से बातचीत पर आधारित)**

दीपावली जैसा बड़ा पर्व हो तो इसकी भव्य तैयारी जरूरी हो जाती है। यह तैयारी वर्किंग वूमेन के लिए एक बड़े टास्क जैसी होती है, क्योंकि उसे ऑफिस के कामों के साथ, घर में भी त्योहार की तैयारी करनी होती है। इस दोहरी जिम्मेदारी के बीच वर्किंग वूमेन कैसे बैलेंस बैठाएं, जानिए।

टाइम मैनेजमेंट के साथ करें फेस्टिवल की तैयारी

## फैमिली से लें हेल्प-करें फुल एंज्वॉय

वर्किंग वूमेन
अलका सोनी

दीपावली का पर्व सिर्फ लक्ष्मी पूजन, पटाखे और मिठाइयों तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि इसकी चमक-दमक के पीछे महीनों की तैयारी छिपी होती है। घर के हरेक कोने की झाड़-पोंछ, सजावट, नए कपड़े, पकवान और रिश्तेदारों की आवभगत, इन सबका बोझ ज्यादातर महिलाओं के कंधों पर रहता है। महिला अगर काम-काजी है, तो दीपावली की तैयारी करना उसके लिए आसान नहीं होता, काफी मुश्किलें आती हैं। लेकिन सही ढंग से मैनेज किया जाए तो मुश्किलें आसान हो सकती हैं। इस संबंध में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत गुंजन सिंह कहती हैं, 'वर्किंग होने के साथ त्योहारों की तैयारी थोड़ी मुश्किल हो जाती है, लेकिन टाइम मैनेजमेंट से त्योहार को पूरी तरह एंज्वॉय करने का मौका मिल सकता है। मैं दिवाली के बीस दिन पहले से थोड़ी-थोड़ी तैयारी करने लगती हूं। इससे एकसाथ मुझ पर काम का बोझ नहीं पड़ता। दिवाली का सामान उसकी प्राथमिकता के हिसाब से लाती जाती हूं, एक लिस्ट बना लेती हूं, फिर ऑफिस से आते वक्त इन्हें लाती रहती हूं।'



**महिलाओं की दोहरी जिम्मेदारी:** भारतीय परिवारों में त्योहार की तैयारी का काम पीढ़ियों से महिलाओं की जिम्मेदारी ही माना गया है। दादी-नानी के समय में यह काम सहज रूप से घरेलू जीवन का हिस्सा था। तब अधिकतर महिलाएं गृहिणी थीं, इसलिए पूरा ध्यान घर के सभी कामों को करने और मेहमानों की देखभाल में बीतता था, लेकिन बदलते समय के साथ महिलाएं शिक्षा और नौकरी के क्षेत्र में आगे बढ़ी हैं। ऐसे में उन पर जिम्मेदारियों का भार दोगुना हो गया है।

**टाइम मैनेजमेंट का प्रेशर:** ऑफिस की डेडलाइन और त्योहार की डेडलाइन, दोनों को साथ लेकर चलना एक आर्ट है। हर महिला इसे अपने तरीके से सीखती है। ऑफिस के कामों के साथ घर में भी त्योहारों की रौनक कायम रखने पर ध्यान दिया जाए तो दोनों के बीच अच्छा संतुलन बनाया जा सकता है। बस उन्हें अपने परिजनों की थोड़ी मदद की दरकार होती है।

**हो स्मार्ट प्लानिंग:** वर्किंग वूमेन के पास समय की कमी होती है। इसलिए समय बचाने और सारा काम पूरा करने के लिए ये महिलाएं 'टू-डू लिस्ट' और कैलेंडर बनाकर हफ्तों पहले तैयारी शुरू कर देती हैं। एक दिन सफाई, दूसरे दिन बाजार, तीसरे दिन उपहारों की पैकिंग। इस तरह काम को छोटे हिस्सों में बांटकर करने से काम आसानी से हो जाते हैं। साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग, एप-बेस्ड क्लीनिंग सर्विस, तैयार मिठाइयों की होम-डिलीवरी जैसी सुविधाएं आज त्योहारों की तैयारी को आसान बना रही हैं। आज की महिलाएं यह समझती हैं कि दिवाली का मतलब तनाव नहीं, खुशी है। इसलिए वे ऑफिस से छुट्टियां पहले से प्लान कर लेती हैं। a

### जरूरी है परिवार की भागीदारी



जीवन में हम परिवार की अहमियत को अनदेखा नहीं कर सकते। परिवार को मानव की प्रथम पाठशाला भी कहा जाता है। यानी कि पीढ़ियां अपने परिवार से ही सीखती रही हैं। अतः यह समझने की जरूरत है कि घरेलू कार्यों के लिए सिर्फ महिलाएं ही जिम्मेदार नहीं हैं, घर के पुरुषों और बच्चों को भी त्योहार की तैयारियों में हाथ बंटाना चाहिए। इससे सारे काम आसानी से संपन्न हो जाएंगे।



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## प्रदूषण से बालों को ऐसे बचाएं

बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए:** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते है, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।



**हेयर फॉलिंग:** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिए:** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेहतर रिजल्ट के लिए हेयर मास्क को आप हर हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को मजबूती मिलेगी।

**सफेद बाल:** पचास-साठ की उम्र से पहले सफेद हुए बालों की समस्या से बहुत सी युवा और मिडएज की महिलाएं परेशान रहती हैं। इस समस्या से बचाव के लिए भी मुलेठी पावडर का उपयोग काफी कारगर हो सकता है। इसके लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम कर सकती है। इसके लिए, दही और मुलेठी पावडर का पेस्ट भी काफी फायदेमंद साबित होता है। a

डेकोरेशन
श्रुति आयंगर

दीपावली के अवसर पर हर कोई चाहता है कि उसका घर-आंगन सबसे खूबसूरत दिखे। आप भी अपने घर को आकर्षक दिखाने के लिए तैयारियों में जुटी होंगी। हम यहां आपको कुछ ऐसे यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिससे आपका घर ऐसा दमक उठेगा कि सब तारीफ करेंगे।

## खूबसूरत-आकर्षक दिखेगा आपका आशियाना



दिवाली सिर्फ रोशनी करने, आतिशबाजी करने, तरह-तरह के व्यंजन खाने-खिलाने का त्योहार नहीं है। इस अवसर पर घर के हर कोने को सजाया भी जाता है। हम आपको घर डेकोरेट करने के कुछ आसान लेकिन अट्रैक्टिव लुक देने वाले तरीके बता रहे हैं।

**एंटीक-हैंडीक्राफ्ट आइटम्स:** ब्रास, कॉपर, सिल्वर टोन के शोपीसेस और हैंडीक्राफ्ट आइटम्स घर को रॉयल लुक देते हैं। छोटे-छोटे लैंप्स, हैंड पेंटेड ट्रे, मूर्तियां, ब्रास या कॉपर के वास, लंबे दीया स्टैंड, टेराकोटा आर्ट पीस, वुडेन क्राफ्ट, क्ले पॉट्स, मेटल वॉल हैंगिंग, पेंटेड बॉटल्स, झूमर, घंटियां और पीतल के शोपीस ये सभी घर को फेस्टिव टच देते हैं। इन्हें कॉर्नर टेबल, विंडो साइड टेबल या घर के एंट्रेंस पर साइड टेबल पर रखें तो और भी अच्छा दिखेगा।





**थीम बेस्ड डेकोरेशन:** हाल के सालों में दीपावली पर थीम बेस्ड डेकोरेशन का क्रेज भी काफी बढ़ा है। आप चाहें तो गोल्डेन थीम फॉलो कर अपने घर को रॉयल-क्लासी टच दे सकती हैं। पेस्टल थीम से घर को सॉफ्ट और ट्रेंडी लुक मिलेगा। इस ऑकेजन के लिए ट्रेडिशनल रेड-ग्रीन डेकोरेशन को भी शुभ माना जाता है। अगर आप कुछ डिफरेंट डेकोरेशन चाहती हैं तो मल्टीकलर या कोई ट्रेडिशनल थीम भी अपना सकती हैं। जो थीम आप सेलेक्ट करें उसी के अनुसार पर्दे, टेबल कवर, रनर और डेकोरेटिव आइटम्स का भी चुनाव करें।

**रि-स्टाइल करें फर्नीचर:** जरूरी नहीं कि दीपावली पर नए फर्नीचर ही खरीदे जाएं। इसकी बजाय पुराने फर्नीचर को रि-स्टाइल भी करवा सकती हैं। सोफा या चेयर को दीवार के किनारे से हटाकर सर्कल या स्क्वेयर में अरेंज कर सकती हैं। पुराने सोफे का बेस और बैक कुशन बदलें।

**लाइटिंग हो खास:** दीपावली के मौके पर हैंडमेड बाती लैंप, शेड लाइट और शैडो लाइट्स काफी पसंद की जाती हैं। ये पीसेस घर को रोशन करने के साथ-साथ स्टाइलिश और पर्सनल टच भी देती हैं। ड्राइंग रूम में डेकोरेटिव लैंप, हैंगिंग लालटेन और वॉल लैंप्स लगाकर घर को आकर्षक लुक दे सकती हैं। इंडोर प्लांट्स के आस-पास छोटे रंगीन बल्बों वाली लाइट्स लगा सकती हैं। बालकनी और लॉन के लिए फेयरी लाइट्स, स्टार प्रोजेक्टर, एलईडी स्ट्रिप और लालटेन का उपयोग करना अलग टच देगा। पूरे आंगन को जगमगाने के लिए एलईडी और सोलर लाइट्स सबसे स्मार्ट ऑप्शन हैं।

**शीशे से करें सजावट:** गोल या चौकोर आकार के छोटे शीशों के टुकड़ों को लंबी, पतली रंगीन पट्टी पर चिपकाकर दीवारों पर सजाया जा सकता है। दरवाजे पर शीशों का तोरण भी बहुत खूबसूरत लगता है।

**फूलों से सजाएं घर:** गेंदे के नकली फूलों की लड़ी, जिसमें छोटी घंटियां लगी हों, सीढ़ी की रेलिंग पर लटका सकती हैं। आप असली फूल भी लगा सकती हैं। a

**(इंटीरियर एक्सपर्ट अनामिका शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप


झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता, शिक्षक एवं विद्यार्थी।

### बच्चों को सड़क सुरक्षा पर जागरूक किया

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में सोमवार को ट्रैफिक इंटरप्रिटेशन सेंटर और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-एक व दो के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर सतवीर सिंह ने किया। प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल कानून की नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा से जुड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन बनाए रखने और समाज में यातायात सुरक्षा का संदेश फैलाने की अपील की। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर शिवानी, डॉक्टर सवीन, सुनील कुमार, प्रदीप कुमार, पवन कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का किया स्वागत

**झज्जर।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह का झज्जर पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष संजय यादव ने बताया कि कैंपेन के चलते चरखी दादरी जाते समय प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने शहर के बाईपास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठित होकर पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत करने व ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने के निर्देश दिए। इस मौके पर युवा कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष रामअवतार उर्फ दीपक गहलावत, एससी सेल के जिलाध्यक्ष डॉक्टर विजय वाल्मीकि, रिटायर्ड प्राचार्य एचएस यादव, राजवीर दहिया, रमेश जाखड़, जेपी कादियान, मनोज हुड्डा, प्रदीप हुड्डा, वीरेंद्र कौशिक, नंद भटनागर, रामानंद दलाल, सुदेश कौशिक, सोनू, राव नाहर सिंह, देशराज यादव, किशन यादव, महेश आदि मौजूद रहे। यादव, रमेश फौगाट, राजेंद्र जून सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में भव्य कार्यक्रम

# दिवाली फेस्ट में छात्राओं ने लगाई फास्ट फूड हैंडमेड दीये व डेकोरेशन आइटम्स की स्टॉल


झज्जर। छात्राओं द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का अवलोकन करते हुए मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित रंगोली प्रतियोगिता के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में सोमवार को दिवाली फेस्ट का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉक्टर अनुपमा यादव ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉक्टर चित्रलेखा बंसल ने की। महाविद्यालय के पूर्व वाइस चेयरमैन प्रकाश चंद्र ने रिबन काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। दिवाली फेस्ट के अंतर्गत छात्राओं द्वारा तीस से अधिक आकर्षक स्टॉल्स लगाए,जिनमें डेकोरेशन आइटम्स, हैंडमेड दीये, एथनिक ज्वेलरी, फास्ट फूड, स्ट्रीट फूड, फेस्टिवल बेवरेजेस, गेम्स व डीजे जोन आदि शामिल रहे। मुख्यातिथि ने स्टॉलों का अवलोकन करते हुए छात्राओं से उसके संबंध में जानकारी ली तथा बेहतरीन स्टॉल की सराहना भी की। इस दौरान बीएससी फाइनल ईयर की छात्रा कुमारी एकता को डिस्ट्रिक्ट लेवल एसए राइटिंग प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित भी किया गया। महाविद्यालय के प्रेसिडेंट राजकुमार गोयल द्वारा भेजे गए उपहार छात्राओं में वितरित किए गए।

### रंगोली प्रतियोगिता में नवीन कुमारी रही प्रथम

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय दुजाना में सोमवार को दिवाली पर्व के उपलक्ष्य में अंतः कक्षीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि हमें अपने वातावरण का ध्यान रखते हुए प्रदूषण मुक्त व सुरक्षित दीपावली मनानी चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजिका डॉक्टर दीपा व सहयोगी डॉक्टर नरेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर अनिल कुमारी, डॉक्टर सीमा रानी व डॉक्टर मोनिका ने निभाई। प्रतियोगिता में नवीन कुमारी ने प्रथम, हंशु ने द्वितीय व आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा महाविद्यालय में अंतः कक्षीय निबंध लेखन प्रतियोगिता भी कराई गई। जलवायु परिवर्तन के आर्थिक प्रभाव विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में राखी ने पहला, राहुल ने दूसरा व रितिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर नसीब सिंह, प्रोफेसर रजनी, डॉक्टर अजय कुमार, डॉक्टर दीपा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने को किया प्रेरित

प्राचार्या डॉक्टर चित्रलेखा बंसल ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और उद्यमशीलता की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं में कम्युनिटी स्पिरिट, एंटरप्रेन्योरशिप और व्यावहारिक अनुभव को बढ़ावा देते हैं। इस मौके पर सुरेश सिंघल, महेंद्र बंसल, गौरव गोयल, आनंद सिंघल, संजय गुप्ता, अंकुर सिंघल, केशव सिंघल, विकास गर्ग, प्रदीप हरित, विवेक हरित, दिनेश गोयल, बनारसी दास गोयल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## नेहरू कॉलेज में अभिभावक–शिक्षक मिलन कार्यक्रम


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षक और अभिभावक। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में सोमवार को अभिभावक–शिक्षक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन और समग्र विकास के बारे में अभिभावकों को जानकारी प्रदान करना तथा उनके बहुमूल्य सुझावों को महाविद्यालय प्रशासन के साथ साझा करना रहा। विभिन्न विषयों के विभागाध्यक्षों और प्राध्यापकों ने अपने-अपने संकायों के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों, परीक्षा परिणामों तथा पाठ्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी अभिभावकों को दी। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने पुरानी बिल्डिंग, आर्ट्स ब्लॉक, कॉमर्स ब्लॉक, साइंस ब्लॉक तथा विभिन्न विभागों में संबंधित प्राध्यापकों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं, संरचनात्मक सुविधाओं तथा शिक्षण की गुणवत्ता के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य दलबीर सिंह ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जाएगा ताकि शिक्षक–अभिभावक संवाद की कड़ी और अधिक मजबूत हो सके और विद्यार्थियों की प्रगति को नए आयाम प्राप्त हों।

एसडीएम ने मंडी परिसर का दौरा किया

# गेट पास न काटे जाने पर आढ़तियों व कर्मचारियों के बीच बना विवाद शांत

**किसानों व आढ़तियों से बातचीत कर निकाला समाधान**



झज्जर। अनाजमंडी के मुख्य गेट पर गेट पास कटवाते हुए किसान, अनाजमंडी परिसर में रखी बाजरे से भरी बोरियां। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अनाज मंडी में गेट पास प्रणाली लागू किए जाने को लेकर किसानों और मंडी कर्मचारियों के बीच हुई टकराव की स्थिति के चलते सोमवार को एसडीएम ने मंडी परिसर का दौरा किया। उन्होंने किसानों व आढ़तियों से बातचीत कर मामला शांत कराया। अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन के कार्यकारी प्रधान हरेंद्र सिलाना ने बताया कि गेट पास न काटे जाने के कारण आढ़तियों में रोष था। प्रशासनिक अधिकारी द्वारा हस्तक्षेप के बाद गेट पास कार्य सुचारू हो पाया। अब मंडी में कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। बता दें कि आढ़तियों के अनुसार कई किसानों ने गेट पास लागू होने से पहले ही अपना बाजरा मंडी में डाल दिया था, लेकिन अब उनसे जबरन गेट पास मांगा जा रहा था। इस प्रकार किसानों को नियमों के नाम पर परेशान किया जा रहा था। यदि समय पर गेट पास नहीं काटे जाते तो कई किसान भावांतर भरपाई योजना का लाभ लेने से वंचित रह जाते। उधर, प्राइवेट स्तर पर बाजरा खरीद कार्य तथा धान की आवक निरतंर जारी है। आढ़तियों द्वारा बोली लगाकर धान की खरीद की जा रही है।

## न्यूज डायरी

### विद्यार्थियों को दी यातायात नियमों की जानकारी



**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में सोमवार को यातायात सड़क सुरक्षा विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला यातायात पुलिस विभाग से सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गाड़ी चलाने वाले व्यक्ति को सीट बेल्ट व दुपहिया वाहन चलाने वाले व्यक्ति को हेलमेट अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे भी अपने परिजनों व अन्य लोगों को इस बारे जागरुक करें। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने मुख्य वक्ता सतीश कुमार का आभार जताते हुए विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**बेरी।** हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता, पौधरोपण, पेंटिंग सहित पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां निरंतर जारी हैं। अभियान की ओवर आल इंचार्ज व एसडीएम रेणुका नांदल ने कहा कि स्वच्छता ही सच्ची सेवा है। उन्होंने बताया कि बेरी शहर में भी हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान आगामी 25 नवंबर तक चलाया जाएगा। अभियान के तहत शहर की साफ सफाई, पौधरोपण व अन्य स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपने घरों के आसपास नियमित रूप से साफ-सफाई रखने तथा ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण का आह्वान किया। अभियान के तहत लघु सचिवालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### निबंध प्रतियोगिता में निशांत रहा प्रथम



**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में विश्व सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। डॉक्टर प्रियंका यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में गुणवत्ता आंकड़े और डेटा विषय पर विद्यार्थियों ने निबंध लिखे। प्रतियोगिता में बीकॉम प्रथम वर्ष के निशांत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा बीकॉम तृतीय वर्ष की कुमारी रीतु द्वितीय तथा बीएससी प्रथम वर्ष की मुस्कान तृतीय रही। प्रतियोगियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉक्टर सतबीर सिंह ने कहा कि सांख्यिकी समाज और अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। युवाओं को डेटा के महत्व को समझकर उसका सही उपयोग करना चाहिए। इस मौके पर सोनू रानी, ओमपति, पिंकी रानी, राजबीर सिंह जाखड़ सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### विकसित भारत बुल्डाथॉन कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया



**झज्जर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में विद्यार्थियों को विकसित भारत बुल्डाथॉन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। प्रातः साढ़े नौ बजे से बारह बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में छठी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भागीदारी की। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण, आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना, डिजिटल प्रगति और नवाचार से जुड़ी प्रेरणादायक बातों को ध्यानपूर्वक सुना। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून ने विद्यार्थियों से कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हमारे युवा ज्ञान, नवाचार और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ेंगे। इस मौके पर कोर्डिनेटर प्रियंका , सोनिया, आशा रानी, पिंकी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### यातायात नियमों की पालना के प्रति किया जागरूक


झज्जर। लोगों को नशे के दुष्प्रभाव व यातायात नियमों की पालना को लेकर जागरूक करते हुए वीरेंद्र कुमार। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** यातायात पुलिस द्वारा सोमवार को आमजन को नशे के दुष्प्रभाव व यातायात नियमों की पालना करने के प्रति जागरूक किया। यातायात प्रभारी उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने आमजन व युवाओं को नशे से दूर रहने व अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने बारे युवाओं को जागरूक करते हुए बताया कि वे देश की प्रगति में अपना योगदान दें। अपनी ऊर्जा को पढ़ाई व अच्छे कार्यो में लगाकर अपने परिवार तथा राष्ट्र का नाम रोशन करें। कुसंगति से बचें क्योंकि बुरी संगत में पड़कर युवा बुरी आदतों का शिकार हो जाते हैं और अपना भविष्य अंधकारमय बना लेते हैं। वहीं उन्होंने यातायात नियमों की जानकरी देते हुए कहा कि शराब पीकर कभी भी वाहन न चलाएं। अपना वाहन पार्किंग में खड़ा करें। नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने पर यातायात पुलिस द्वारा चालान किए जा रहे हैं।

### एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं


बेरी। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनतीं एसडीएम रेणुका नांदल।

**बेरी।** आमजन की समस्याओं के जल्द समाधान के लिए सोमवार को लघु सचिवालय में उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान शिविर में प्रमुख तौर से प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड आदि शिकायतें दर्ज हुईं। इस दौरान बीएओ डॉक्टर अशोक रोहिल्ला, जेई प्रवीण अहलावत,जेई प्रवीण कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### समाधान शिविर में 13 शिकायतें हुईं दर्ज

**झज्जर।** नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एडीसी जगनिवास ने की। उन्होंने आमजन की शिकायतें सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान शिविर में बिजली, पानी, सडक़, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व संबंधी मामले, पंचायत भूमि, बीपीएल व राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन तथा परिवार पहचान पत्र जैसी योजनाओं से जुड़ी 13 शिकायतें दर्ज हुईं।


झज्जर। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एडीसी जगनिवास।

### समस्याओं का मौके पर किया समाधान


बहादुरगढ़। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते एसडीएम नसीब कुमार।

**बहादुरगढ़।** एसडीएम नसीब कुमार ने लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनीं। शिविर में परिवार पहचान पत्र, पुलिस विभाग और राजस्व विभाग से संबंधित मामलों को लेकर लोग पहुंचे। एसडीएम ने धैर्यपूर्वक जनता की बात सुनीं और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए। स्पष्ट कहा कि जनहित के कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नसीब कुमार ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना ही सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समयबद्ध ढंग से शिकायतों का निपटारा करें ताकि आमजन को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर संजीव सैनी प्रदेश भी मौजूद रहे।

# बालंद गांव के पास सड़क हादसे में झज्जर निवासी की मौत

## कार में लगी आग से मचा हड़कंप

**कार में लगे सीएनजी सिलेंडर से आग भड़क उठी और कुछ ही पलों में कार आग का गोला बन गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बालंद गांव के पास कबूलपुर रोड पर सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में झज्जर जिले के अकेड़ी मदनपुर गांव निवासी मोतीराम की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब मोतीराम की तेज रफ्तार कार एक ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में लगी सीएनजी सिलेंडर से आग भड़क उठी और कुछ ही पलों में कार आग का गोला बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद कार पूरी तरह लपटों में घिर गई थी।

चालक मोतीराम कार के अंदर फंसे रह गए। इस दौरान ट्रैक्टर चालक ने साहस दिखाते हुए जलती कार के पास जाकर किसी तरह मोतीराम को बाहर निकाला। राहगीरों की मदद से घायल को तुरंत पीजीआईएमएस ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, मोतीराम सुबह अपनी कार से किसी निजी कार्य के लिए निकले थे। जैसे ही वे कबूलपुर रोड पर पहुंचे, उन्होंने आगे चल रहे एक ट्रैक्टर को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान उनकी कार ट्रैक्टर से जा टकराई। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सीएनजी रिसाव से आग लग गई।

टक्कर के दौरान मोतीराम का सिर स्टीयरिंग से टकराने के कारण वे मौके पर ही बेहोश हो गए, जिससे वे खुद बाहर नहीं निकल पाए। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। हादसे में ट्रैक्टर चालक को भी हल्की चोटें आई हैं।

## अहोई माता की विशेष पूजा-अर्चना करते हुए महिलाओं ने मांगी मन्नत

# महिलाओं ने अहोई व्रत रखकर की संतान की दीर्घायु की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अपनी संतान के बेहतर स्वास्थ्य व दीर्घायु के लिए माताओं द्वारा सोमवार को अहोई अष्टमी व्रत रखा गया। सुबह-सवेरे ही महिलाओं द्वारा विधिपूर्वक अहोई माता की प्रतिमा के समक्ष व्रत के दौरान रखी जाने वाली कमोईयों में पानी भरते हुए उन पर फलादि रखकर चौकी सजाई गई। इसके उपरांत दोपहर तक महिलाओं ने निर्जल रहकर अहोई माता की कथा सुनी तथा उसके बाद घर की बुजुर्ग महिलाओं को साड़ी या शॉल के साथ फलादि भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। इस उपरांत रात तक आंशिक जल व फलाहार लेते हुए तारों को अर्घ्य देते हुए महिलाओं द्वारा संतान की सुख-समृद्धि की कामना की गई। किवदंती के अनुसार माताओं द्वारा तारों को अर्घ्य देते समय यह भी कहा जाता है कि जिस प्रकार आसमान में तारें खिले हैं उसी प्रकार उनका परिवार भी संतानों से भरा रहे।

**बुजुर्ग महिलाओं को साड़ी या शॉल के साथ फलादि भेंट कर आशीर्वाद लिया**

### पहले दीवारों पर चित्रकारी से बनाई जाती थी अहोई माता

पिछले करीब पचास वर्षों से अहोई अष्टमी के व्रत करती आ रहीं शारदा देवी व बसंती देवी ने बताया कि वे पहले दीवारों पर आठ कोने बना कर उनमें माता अहोई का स्वरूप बनाती थीं और फिर पूजा-अर्चना की जाती थी। अब बाजार में रेडिमेड कैलेंडर या अहोई माता की प्रतिमाएं उपलब्ध हैं। जिस कारण अहोई माता का स्वरूप स्वयं कोई नहीं बनाता।


झज्जर। कथा सुनने के उपरांत बुजुर्गों का आशीर्वाद लेतीं महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### माताओं ने रखा व्रत, तारों को देखकर खोला



**बहादुरगढ़।** कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर माताओं ने अपनी संतानों की लंबी आयु की कामना के लिए अहोई माता का पूजन किया। दीपावली से सात दिन पहले मनाया जाने वाला यह व्रत माताएं संतान प्राप्ति एवं उनके दीर्घ जीवन के लिए करती हैं। सोमवार को अहोई अष्टमी के दिन माताओं ने सूर्योदय पूर्व उठकर स्नान के बाद पूजा अर्चना की और पूरे दिन बिना अन्न-जल ग्रहण किए उपवास रखा। दोपहर में घर की दीवार पर आठ कोणों वाली एक पुतली अंकित की। पुतली के पास स्याहू माता व उसके बच्चे बनाए गए। सायं विभिन्न प्रकार के पकवान बनाकर पूजन किया। रात तारे को अर्घ्य देकर व्रत पूर्ण हुआ। घरों में महिलाओं ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की और अहोई माता की कथा का श्रवण किया। पंडित महेंद्र शर्मा ने बताया कि अहोई माता का व्रत-पूजन करने से संतान की प्राप्ति एवं दीर्घायु होती है। सभी प्रकार की सुख-समृद्धि घर आती है। प्रत्येक व्रत व त्योहार में सामाजिक भलाई, आपसी प्रेम व विश्वास छिपा होता है। असंख्य माताओं ने जहां अपनी संतानों की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की। वहीं नव विवाहिताओं ने संतान की प्राप्ति के लिए अहोई माता का व्रत रखा।

